IX Hindi Assignment -5(Dec.24)

उत्तर माला

1. iv) केवल 4 सही है। जनता की हुंकारों से महलों की नींव उखड़ने से अभिप्राय है कि जब जनता क्रांति पर उतरती है, तो महलों में रहने वाले शोषकों को सत्ता के छिनने का भय सताने लगता है और वे भयभीत हो जाते हैं।

(ख) (i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है। शताब्दियों से फैला अंधकार दूर हो रहा है, क्योंकि जनता द्वारा अपना अधिकार का प्रयोग किया जा रहा है।

(ग) (i) वायदे मात्र करके जनता को बहलाना जंतर-मंतर सीमित हो चार खिलौनों में' पंक्ति में निहित भाव यह है कि शासक वर्ग वायदे मात्र करके जनता को बहलाता है और अपना उल्लू सीधा करता है।

(घ) जनता के लिए

2. (क) 'दुस्साहस' शब्द में 'दुस्'उपसर्ग व 'साहस' मूल शब्द के योग से बना है।

(ख) 'सम्' उपसर्ग से बने दो शब्द निम्नलिखित हैं

(i) सम्मान = सम् + मान

(ii) 'संपूर्ण = सम् + पूर्ण

(ग) 'अपनापन' शब्द में 'अपना' मूल शब्द व 'पन' प्रत्यय है।

(घ) 'आहट' प्रत्यय से बने दो शब्द हैं

(i) घबराहट = घबरा + आहट

(ii) गड़गड़ाहट = गड़गड़ + आहट

(ङ) 'निराहारी' शब्द में 'निर्' उपसर्ग 'आहार' मूल शब्द व 'ई' प्रत्यय है।

3.(क) 'गृहागत' में तत्पुरुष समास है। इसका समास विग्रह 'घर को आगत' है।

(ख) 'यथासमय' समस्त पद का विग्रह 'समय के अनुसार' है। यहाँ प्रथम पद (यथा) अव्यय शब्द है, इसलिए यहाँ अव्ययीभाव समास है।

(ग) 'कमलनयन' समस्त पद का विग्रह कमल के समान नयन है। यहाँ प्रथम पद (कमल) विशेषण तथा उत्तरपद (नेत्र) विशेष्य है, इसलिए यहाँ कर्मधारय समास है।

(घ) 'त्रिभुवन' में तीन का समूह है। यहाँ पूर्वपद (त्रि) संख्यावाचक है, इसलिए यहाँ द्विगु समास है।

(ङ) शास्त्रज्ञ का समास-विग्रह 'शास्त्र का ज्ञाता' होगा, इसलिए यहाँ कर्मधारय समास है।

4. (क) 'संसार में सभी सुखी हो जाएँ। प्रस्तुत वाक्य अर्थ के आधार पर इच्छावाचक वाक्य है।

(ख) चक्कर लगाने से जूता नहीं फटता है।

(ग) क्या आप इस महल की रक्षा करेंगे?

(घ) यदि विजय सिंह रहते, तो जानवरों की देखभाल करते।

(ङ) रोहन ! 'तुम रोज पढ़ने आया करो' प्रस्तुत वाक्य अर्थ के आधार पर आज्ञावाचक है।